गीता जयंती पर राजकीय महाविद्यालय ठियोग में भव्य समारोह का आयोजन

गीता जयंती पर राजकीय महाविद्यालय ठियोग में भव्य समारोह का आयोजन राजकीय महाविद्यालय ठियोग में संस्कृत विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह का आयोजन बड़े श्रद्धा-भाव और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कमलेश शर्मा, सहायक आचार्य (संस्कृत) ने की। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीता श्लोकों का पाठ, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने गीता के महत्व, इसकी आध्यात्मिक, नैतिक तथा जीवन-दर्शन संबंधी शिक्षाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाला ज्ञान का अनमोल स्रोत है।





समारोह के अंत में संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा मुख्यातिथि महोदय, प्रतिभागियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

डॉ. कमलेश शर्मा, सहायक आचार्य (संस्कृत)

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय ठियोग